**करीब 30 अवैध निर्माण हटाए, 28 परिवारों को तेवर में किया गया विस्थापित**

# दूसरे दिन भी जारी रही मदन महल पहाड़ी को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई





मदन महल पहाड़ी को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान का रविवार को लगातार दूसरे दिन भी प्रभावी ढंग से संचालन किया गया। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत पुरवा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रही। दूसरे दिन भी लगभग 30 अवैध निर्माणों को हटाया गया तथा 28 परिवारों को विस्थापित कर ग्राम तेवर में पुनर्वास के लिए भेजा गया।

हरिभूमि जबलपुर।

एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम और पुलिस प्रशासन के संयुक्त सहयोग से मदन महल पहाड़ी से विस्थापित किए गए परिवारों को उनके गृहस्थी के सामान सहित नगर निगम के वाहनों से ग्राम तेवर पहुंचाया गया। पुनर्वास स्थल पर विस्थापित परिवारों के लिए बांस, बल्ली और तिरपाल की व्यवस्था की गई है। साथ ही उनके भोजन की भी व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई है। विस्थापित परिवारों की सहायता के लिए मौके पर हेल्पडेस्क भी स्थापित किया गया है।

उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार मदन महल पहाड़ी को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। जिला प्रशासन के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा विस्थापित परिवारों के बच्चों और गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की विशेष देखभाल की व्यवस्था की गई है। आंगनवाड़ी केंद्रों में दर्ज बच्चों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा गर्भवती और धात्री महिलाओं को टेक-होम राशन भी प्रदान किया जा रहा है।

## भगवान आदिनाथ के जन्मकल्याणक पर विविध आयोजन 12 को

**जबलपुर।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर 1008 श्री आदिनाथ भगवान के पावन जन्मकल्याणक के अवसर पर 12 मार्च को शहर में विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों का भव्य आयोजन किया जाएगा। जबलपुर के पाटन रोड स्थित जिन मंदिर "ज्ञानातयन" में भगवान आदिनाथ के जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक, शांतिधारा, आरती तथा धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही श्री महावीर स्वामी मार्ग, गोलबाजार स्थित धर्मातयन में भी 12 मार्च को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। यहां भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष पूजन, प्रवचन, भक्ति कार्यक्रम तथा धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी भाग लेंगे। जन्मकल्याणक के अवसर पर मुख्य एवं भव्य आयोजन श्री आदिनाथ स्वामी मार्ग, करमेता में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में विशेष पूजा-अर्चना, धार्मिक प्रवचन, भक्ति कार्यक्रम तथा सामूहिक आराधना का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में जैन युवा फेडरेशन की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। फेडरेशन के अध्यक्ष अभिषेक जैन, सचिव संदीप जैन, कोषाध्यक्ष प्रशांत जैन, तथा सदस्य अखिलेश जैन, प्रशांत जैन, नितिन जैन सहित समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य आयोजन को सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इसके साथ ही वीतराग विज्ञान मंडल और चेतना महिला मंडल भी इस आयोजन को पूर्ण भव्यता प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दे रहे हैं। जिनशासन सेवक नितिन जैन द्वारा बताया गया की सभी समितियों एवं श्रद्धालुओं का उद्देश्य इस पावन अवसर पर भगवान आदिनाथ के आदर्शों और उनके द्वारा दिए गए सत्य, अहिंसा और संयम के संदेश को समाज तक पहुंचाना है।

## गढ़ा में मना रंग बरसे बारात महोत्सव



**जबलपुर।** गढ़ा क्षेत्र में 6 मार्च 2026 को होली और रंग पंचमी के अवसर पर रंग बरसे बारात महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति और युवा उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य आपसी भाईचारा, प्रेम और उमंग के संदेश के साथ क्षेत्र में एकता और समरसता का वातावरण स्थापित करना था। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह के प्रतिनिधि लेखराज सिंह मुन्ना भैया ने उपस्थित जनसमुदाय को शुभकामनाएं दीं। आयोजन के सूत्रधार कृष्ण कुमार तिवारी ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला, वहीं संयोजक राहुल शुक्ला और उनकी टीम ने भव्य और पारिवारिक वातावरण बनाने में मेहनत की। खानपान व्यवस्था मदन पटेल और अभिषेक हीरा की टीम ने संभाली। महोत्सव की शुरुआत संजीवनी नगर रॉयल स्कूल के पास से हुई और मुखर्जी अस्पताल, दीपक ज्वेलर्स, बुधोलिया अस्पताल, गौतम मढ़िया होते हुए गुलौआ चौक पर भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ समाप्त हुई। रथ पर सवार राधा-कृष्ण, चलित डीजे, बैंड, फाग गीत, बुन्देली नृत्य और गुलाल की वर्षा ने पूरे मार्ग को उत्सवपूर्ण बना दिया। आयोजन की विशेषता यह रही कि सभी मुख्य अतिथियों ने एक-दूसरे को सम्मानित किया और यात्रा मार्ग पर बुजुर्गों एवं मातृशक्तियों को विशेष सम्मान प्रदान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बुन्देली नृत्य, राधा-कृष्ण प्रस्तुतियां और मशानी होली नृत्यों के माध्यम से मनोरम नृत्य प्रदर्शन हुआ। संगीत एवं फाग कार्यक्रम मनोहर बर्मन और कक्का पटेल की टीम ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में स्वागत और व्यवस्था का दायित्व संजय (अश्वनी) तिवारी, सलिल चौकसे, चंद्रशेखर शर्मा, डॉ संजय गौतम, कल्पना तिवारी, शिवानी पाण्डेय और अन्य पदाधिकारियों ने निभाया। महोत्सव के दौरान गरमा-गरम भजिया और जलेबी वितरण, फूलों की होली, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का संचालन कई टीमों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख उपस्थित लोगों में डॉ संजय गौतम, प्रकाश गर्ग, सुशील उपाध्याय, एड. प्रशांत तिवारी, दीपक सोनी, सुनील श्रीवास्तव, राकेश पटेल, राजेश गुप्ता, कक्का पटेल, विवेक सेंगर, मोहन निरंकार, दिनेश गुप्ता, रोहिणी जायसवाल, गौरव मिश्रा, राजेंद्र राय, मनोज यादव, सुरेश मिश्र, अखिलेश पाटकर, डॉ मनोज नामदेव, एडवोकेट विजय सोनी, मनीष कुररिया, कमलेश तिवारी, प्रकाश खम्परिया, लोकराम कोरी, अशीम दीक्षित, शलभ शुक्ला, संतोष विश्वकर्मा, डॉ ओमप्रकाश, प्रमोद कुशवाहा, मनोज सिंह, राजेश दीवान सहित कई मानद सदस्य और सामाजिक संगठन उपस्थित रहे। सामाजिक संगठनों में गढ़ा सराफा एसोसिएशन, दीपक ज्वेलर्स, गौतम डेवलपर्स, सर्व ब्राह्मण कल्याण परिषद, सनाढ्य ब्राह्मण कल्याण परिषद, वृंदा फाउंडेशन, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य सहयोगियों ने महोत्सव में योगदान दिया।

## संस्कारधानी की 'संस्कार गली': कचरे के ढेर से 'कैरम खेलने' तक का सफर



**जबलपुर।** संस्कारधानी की गलियों में अब सिर्फ स्वच्छता की महक नहीं आएगी, बल्कि यहाँ की समृद्ध संस्कृति और खेलों की गूंज भी सुनाई देगी। नगर निगम के विशेष स्वच्छता अभियान के तहत राइट टाउन स्थित हवा महल के सामने की 'बैक लेन' को 'संस्कार गली' के रूप में नया जीवन दिया गया है। जो गली कभी गंदगी और उपेक्षा का शिकार थी, वह अब नागरिकों के लिए एक मनोरंजन और गौरव का केंद्र बन गई है।

**स्वच्छता के साथ खेल और सेहत का संगम**

नगर निगम के इस अनूठे प्रयास से अब बैक लेन का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। यहाँ नागरिक न केवल सुबह-शाम वॉक कर सकेंगे, बल्कि गली में ही कैरम और अन्य पारंपरिक खेलों का आनंद भी ले सकेंगे। दीवारें अब जबलपुर की ऐतिहासिक पहचान और कलाकृतियों से सजी हुई हैं, जो चलने वालों को एक सुखद अहसास कराएंगी।

**जब नेतृत्व ने खुद उठाया पेंट ब्रश**

इस परिवर्तन की खास बात यह रही कि शहर के प्रथम नागरिक, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू, स्वास्थ्य प्रभारी श्रीमती रजनी कैलाश साहू और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वयं पेंट ब्रश थामकर दीवारों को रंगों से सजाया। उनके इस कदम ने न केवल कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाया, बल्कि शहरवासियों को यह संदेश भी दिया कि शहर को सुंदर बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

**महिला दिवस पर 'नारी शक्ति' की सहभागिता**

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इस अभियान में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 'संस्कार गली' के निर्माण में महिलाओं की जनभागीदारी ने यह साबित कर दिया कि जब मातृशक्ति किसी अभियान से जुड़ती है, तो उसका सफल होना निश्चित है। इस पवित्र अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, स्वास्थ्य प्रभारी श्रीमती रजनी कैलाश साहू, निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने सभी उपस्थित महिलाओं और अन्य गणमान्य लोगों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।

## फिट इंडिया वूमेन्स वीक 2026 का आयोजन

**जबलपुर।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फिट इंडिया वूमेन्स वीक 2026 का आयोजन कलेक्टर सभागार में किया गया। जिसमें जिला पंचायत स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति श्रीमती मोनू पुष्पराज बघेल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत ने की।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 73 महिला अधिकारी-कर्मचारियों को उनके समर्पण और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। ये महिलाएं समाज में सशक्तिकरण और विकास की मिसाल हैं।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत ने अपने संबोधन में समाज में महिलाओं के बहुमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला और कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में मजबूती से आगे बढ़ रही हैं। मुख्य अतिथि श्रीमती मोनू पुष्पराज बघेल ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक स्वतंत्रता के माध्यम से महिलाएं न केवल खुद मजबूत होंगी, बल्कि समाज को भी नई दिशा देंगी। कार्यक्रम में विभागीय सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे और इसने महिलाओं की उपलब्धियों को सराहने तथा उन्हें प्रोत्साहित करने का एक शानदार मंच प्रदान किया। फिट इंडिया वूमेन्स वीक के तहत यह आयोजन महिलाओं के स्वास्थ्य, फिटनेस और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो पूरे जिले में सकारात्मक संदेश दे रहा है।



## श्री परशुराम सेवा संस्था ने मनाया होली महोत्सव

**जबलपुर।** श्री परशुराम सेवा संस्था के तत्वावधान में गढ़ा क्षेत्र में रविवार को दोपहर 12 से 4 बजे तक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगे गुलाल, फूलों की होली और स्वादिष्ट मिष्ठानों के बीच यह आयोजन हर्षोल्लास और ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम देवताल रामायण मंदिर के सामने स्थित शैलपर्ण उद्यान में संपन्न हुआ। आयोजन का शुभारंभ गुलाल का टीका, पुष्प हार और दीप प्रज्वलन से किया गया। ढोल-नागाड़े और लोकगीतों के साथ उपस्थित लोगों ने होली खेली और नृत्य प्रस्तुत किए। गुड्डा त्रिपाठी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भाईचारे, प्रेम और आत्मीयता का संदेश फैलाना है।इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के प्रतिनिधि वरिष्ठ समाजसेवी लेखराज सिंह मुन्ना भैया, वरिष्ठ पत्रकार एवं श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक गंगा पाठक, पार्षद प्रिया तिवारी, पूजा श्रीराम पटेल, श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत वाजपेयी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। समाज के अन्य प्रमुख उपस्थित सदस्यों में राजेश मिश्रा (अध्यक्ष), विकाश तिवारी (सचिव), अरुण दीक्षित (कोषाध्यक्ष), विकाश गौतम (उपाध्यक्ष), राहुल शुक्ला (संगठन मंत्री), पंकज वैदेही, नर्मदा चौबे, बबलू मिश्रा, अन्नू पांडे, महिला मंडल अध्यक्ष रेणु उपाध्याय और अनेक मातृशक्ति सदस्य शामिल रहे। महोत्सव में उपस्थित मातृशक्ति सदस्यों में अभिलाषा दुबे, मांडवी दुबे, निधि उपाध्याय, अनुराधा उपाध्याय, प्रीती दुबे, संध्या बैरागी, ज्योति भटेले, सरिता गीदरोनिया, रजनी वेदय, रेखा मिश्रा, संगीता मिश्रा, मीनू पांडेय, आरती, सोनल, नीतू गौतम सहित कई महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित लोगों द्वारा स्वादिष्ट भोज का आनंद लेने के साथ हुआ और इस प्रकार होली महोत्सव हर्षोल्लास और भाईचारे का प्रतीक बनकर यादगार बना।

## गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में रंगपंचमी पर महाआरती, भस्म तिलक एवं फूलों की होली

**जबलपुर।** रंगपंचमी के पावन अवसर पर गुप्तेश्वर स्थित श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में भक्तिमय वातावरण के बीच भव्य आयोजन संपन्न हुआ। मंदिर प्रांगण में परम पूज्य महाराज जी के सानिध्य में भगवान गुप्तेश्वर महादेव की भव्य महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने सहभागिता कर पूजा-अर्चना की। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को भस्म तिलक लगाया गया तथा मंदिर प्रांगण में फूलों की होली के साथ होली मिलन



समारोह आयोजित किया गया। डमरू की ध्वनि, शंखनाद और "हर-हर महादेव" के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर शिवमय हो उठा। उपस्थित भक्तों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लेते हुए भगवान गुप्तेश्वर महादेव से सुख, समृद्धि एवं मंगल की कामना की। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में गुप्तेश्वर सेवा समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष एड. राजेश तिवारी, सर्वेश रजक, मनप्रीत बजावा, सुषमा केसरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, एकलव्य ठाकुर, नितिन, अश्वनी मालवीय, अतुल एवं एड. उत्कर्ष रावत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**कचरे के निपटान में विलंब न हो: अहिरवार**

## निरीक्षण: निगमायुक्त पहुंचे कचरा ट्रांसफर स्टेशन

हरिभूमि जबलपुर।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गत शहर को स्वच्छता की रैंकिंग में शीर्ष पर लाने नगर निगम ने अपनी जमीनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में रविवार को निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने संभाग क्रमांक 11 के अंतर्गत छुई खदान स्थित नवनिर्मित कचरा ट्रांसफर स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने कचरा प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से समझा। उन्होंने विशेष रूप से कचरा संग्रहण वाहनों डोर-टू-डोर कचरा गाड़ियों के आने और जाने के समय की जानकारी ली। निगमायुक्त ने वाहनों के आवागमन के रिकॉर्ड की स्वयं जांच की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कचरा संग्रहण कार्य निर्धारित समय सारणी के अनुसार हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कचरे के निपटान में किसी भी प्रकार का विलंब न हो और डेटा प्रबंधन में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि सफाई संरक्षक हमारे शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। इस मौके पर कार्यपालन यंत्री जी एस मरावी,उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोला राव, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक संतोष गौर आदि उपस्थित रहे।



### लाइनमेनों की सुरक्षा के साथ 20 लाख का बीमा कराया जाए: पाठक

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि बिजली कंपनियों में संविदा, आउट सोर्स पर बिजली लाइनों, टांसफार्मर पर और सब स्टेशनों में तकनीकी कार्य करने वाले बिजली सेक्टर के ब्रांड एंबेसडर लाइनमैन साथियों को विधुत दुर्घटना से बचाने के साथ उनके सुरक्षित,सुखद जीवन के लिए उनसे जोखिम पूर्ण तकनीकी कार्य कराने के पूर्व बेहतरीन तकनीकी प्रशिक्षण अनिवार्य रूप दिया जाना चाहिए। उन्हें गुणवत्ता पूर्ण सुरक्षा उपकरण प्रदान किए जाएं। विधुत दुर्घटना को रोकने के लिए वर्क परमिट देते समय सुरक्षा, सुरक्षित जीवन हेतु पूरी सावधानी बरती जाए।

लॉर्डगंज पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच

## भाजपा कार्यालय के पास अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी

**जबलपुर।** लॉर्डगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत रानीताल इलाके में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब भाजपा कार्यालय के पास सड़क किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिलने की खबर सामने आई। सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने जैसे ही सड़क किनारे महिला की लाश देखी, क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।

लॉर्डगंज थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीताल स्टेडियम जाने वाले मार्ग के किनारे करीब 30 से 40 वर्ष आयु



की एक महिला का शव पड़ा हुआ था। सबसे पहले क्षेत्रीय पार्षद संतोष दुबे की नजर शव पर पड़ी। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद लॉर्डगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिला का शव काफी समय से वहां पड़ा हुआ प्रतीत हो रहा था। शव के आसपास बदबू फैल रही थी, जिससे अंदेशा जताया जा रहा है कि मौत कुछ समय पहले हुई होगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि लाश को सुअरों ने बुरी तरह क्षत-विक्षत कर दिया था।

लॉर्डगंज पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी कि यह दुर्घटना, बीमारी या किसी अन्य कारण से हुई मौत है।

**बिजनेस साइट**

### ऑल कैप एफओएफ: डीआईवाई पोर्टफोलियो बनाने का एक प्रोफेशनल विकल्प

**जबलपुर।** वेल्थ बनाना एक लंबे समय का सफर है और इसका कोई शॉर्टकट नहीं है। म्यूचुअल फंड के जरिए निवेश करना, लक्ष्य पर फोकस करके पैसा बनाने के सबसे असरदार तरीकों में से एक है। फिर भी, कई निवेशकों के लिए, म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो बनाना सीधा-सादा लगता है। कई लोग मानते हैं कि यह बस अलग-अलग कैटेगरी में कुछ अच्छी रेटिंग वाली स्कीम चुनने और उनमें निवेशित रहने के बारे में है। हालांकि, असल में, यह अनुभव मुश्किल हो सकता है, खासकर जब मार्केट में काफी अधिक उतार-चढ़ाव हो।



**राम नारायण गुप्ता**
डायरेक्टर, आरएन वेल्थ प्राइवेट लिमिटेड, जबलपुर

डू-इट-योरसेल्फ (डीआईवाई) निवेश की सबसे बड़ी कमियों में से एक है, किसी खास सेक्टर को लेकर पसंद पर आधारित सोच। मार्केट में करेक्शन के दौरान, अक्सर सब्र की जगह घबराहट आ जाती है। निवेशक गलत समय पर निकल सकते हैं, और रिकवरी से चूक सकते हैं। इसके उलट, जब कोई खास कैटेगरी हाल ही में अच्छा रिटर्न देती है, तो लंबे समय के एसेट एलोकेशन प्लान पर टिके रहने के बजाय उसे ऊंचे लेवल पर खरीदने का लालच होता है।

रीबैलेंसिंग एक और तरीका है जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। समय के साथ, पोर्टफोलियो बदलते रहते हैं। उदाहरण के लिए, मिड-कैप रैली, तय लेवल से ज्यादा आवंटन बढ़ा सकती है, जिससे जोखिम बढ़ जाता है। एक स्ट्रक्चर्ड फ्रेमवर्क के बिना, ऐसे असंतुलन चुपचाप बनते रहते हैं। बार-बार स्विच करने से कार्यकुशलता में कमी पैदा होती है। टैक्स, एग्जिट लोड और ट्रांजैक्शन लागत धीरे-धीरे रिटर्न कम कर सकते हैं। और इन सब में अक्सर निवेशकों को कुल असर का पूरी तरह एहसास नहीं होता।

एक डायवर्सिफाइड इक्विटी ऑल कैप फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) इन स्ट्रक्चरल कमियों को दूर करने की कोशिश करता है। सीधे स्टॉक रखने के बजाय, यह अलग-अलग मार्केट कैपिटलाइजेशन में सक्रिय इक्विटी-ओरिएंटेड योजनाओं की एक चुनी हुई बास्केट में निवेश करता है। एलोकेशन के फैसले और रीबैलेंसिंग को एक तय इन्वेस्टमेंट फ्रेमवर्क के अंदर संभाला जाता है, जो मैक्रोइकोनॉमिक असेसमेंट और मार्केट-कैप आकर्षण से निर्देशित होता है।

जो निवेशक मानते हैं कि आवंटन और भावनाओं को लगातार मैनेज करना मुश्किल है, उनके लिए, यह स्ट्रक्चर सपोर्ट देता है। यह डायवर्सिफिकेशन को प्रोफेशनल ओवरसाइट के साथ जोड़ता है। साथ ही, उन आम गलतियों को कम करने में मदद करता है जो इरादे की कमी से नहीं, बल्कि मार्केट की चाल पर इंसानी रिएक्शन से होती हैं। मौजूदा अनिश्चित समय को देखते हुए, निवेशक बिना टेंशन के पैसे बनाने के अनुभव के लिए डायवर्सिफाइड ऑल कैप इक्विटी स्कीम्स में एफओएफ के जरिए निवेश करने पर विचार कर सकते हैं। ऐसा ही एक विकल्प आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल डायवर्सिफाइड इक्विटी ऑल कैप एक्टिव एफओएफ है। यह स्कीम सभी मार्केट कैप में एक्टिवली मैनेज्ड इक्विटी फंड तक पहुंच देती है, जो मार्केट की स्थितियों के आधार पर आवंटन को प्रभावशाली तौर पर एडजस्ट करने के लिए एक स्ट्रक्चर्ड इन-हाउस फ्रेमवर्क का इस्तेमाल करती है। न्यू फंड ऑफर (एफओएफ) 02 मार्च से 16 मार्च, 2026 तक निवेश के लिए खुला है। अभी भारत में ऐसे बहुत कम एक्टिवली मैनेज्ड एफओएफ हैं।

# महारुद्र यज्ञ की निकली भव्य कलश यात्रा

## शिव मंदिर बाबाताल में आयोजन







**सिहोरा।** सिद्ध पीठ स्थल शिव मंदिर बाबाताल में रंगपंचमी से प्रारम्भ हुए हवनात्मक तथा महा अभिषेकात्मक श्री महारुद्र यज्ञ की रविवार को भव्य मंगल कलशयात्रा शोभायात्रा निकाली गई जो यज्ञ स्थल से होकर पुराना बस स्टेंड,ग़ौरी तिराहा,नया बस स्टेंड, बाबाशाला,कटरा मोहल्ला झंडा बाजार,काल भैरव चौक,मैना कुंआ,हरदौल मंदिर से होकर आयोजन स्थल पर संपन्न हुई।18 मार्च तक चलने वाले इस यज्ञ का आयोजन लगातार 37 वें वर्ष से भगवान भोलेनाथ की असीम अनुकम्पा तथा ब्रम्हलीन संत 1008 स्वामी द्वारकादास जी महाराज नरसिंह टेकरी खितौला की असीम कृपा से किया जा रहा है। यज्ञ समिति के राजकुमार तिवारी पिंटा महाराज ने बताया यज्ञ में विशाल मेला के साथ रामलीला,उपनयन संस्कार का भी आयोजन किया जायेगा। यज्ञाचार्य पंडित केशव प्रसाद शास्त्री रहेंगे। शोभायात्रा में अनेक माताएं बहनें जहां सिर पर मंगल कलश धारण कर चल रही थी वहीं शोभायात्रा में शंकर पार्वती,राम लक्ष्मण सीता सहित अनेक भगवान की झांकी शामिल थी तथा धर्म ध्वजा लेकर भक्त गण चल रहे थे। इस अवसर पर पंडित रामकुमार उपाध्याय,हनुमान बिल्हा,ललित दुबे, सुधाकर तिवारी सहित अनेक भक्त गण उपस्थित थे।



# यादव महासभा होली मिलन कार्यक्रम में खूब हुई रंगों की बौछार

**जबलपुर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, जबलपुर द्वारा रंग पंचमी के पावन अवसर पर एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन, काशी प्लाजा मार्केट, पुरैना मार्ग खजरी खिरिया बाईपास में आयोजित किया गया। कार्यक्रम यादव समाज के वरिष्ठ श्यामलाल यादव, खलीफा दादा, पूर्व सरपंच गुलाब यादव, सीताराम यादव, रामसेवक यादव, नरेश यादव के मुख्य अतिथि में भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना करने के पश्चात प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर संभाग अध्यक्ष विजय यादव, जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव बड़डा द्वारा उपस्थित सभी स्वाजतिय बंधुओं का गुलाल तिलक लगाकर स्वागत किया गया, कार्यक्रम में फाग मंडली कवि उत्तम दास बैरागी द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई एवं फाग राही गीतों से उपस्थित जनता झूम गई। आज के रंगारंग कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ कालूराम यादव, उदल सिंह यादव, डेलन यादव, भद्दी यादव, विनय यादव, सतीश यादव बड़डा, शिव यादव, सुखलाल यादव, पूर्व जनपद सदस्य मोहन यादव, पूर्व सरपंच राकेश यादव, मुंगेली संजय यादव, प्रदेश महासचिव, रामकुमार यादव पार्षद, राकेश यादव, शक्ति राज यादव, जनपद सदस्य, रश्मि यादव महिला ग्रामीण अध्यक्ष सविता यादव, महिला शहर अध्यक्ष कंचन यादव, कविता यादव,कृष्ण कुमार यादव, शिवम यादव सरपंच पाटन प्रकाश यादव धर्मेंद्र यादव, दीपक यादव, उमा यादव, इंदल यादव, आदि हजारों की संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पश्चिम मध्य रेलवे में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन




**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2026 को पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम "अधिकार और न्याय के साथ-साथ हर महिला और बालिका के सशक्तिकरण के लिए वास्तविक कार्रवाई" रही। इसी क्रम में महाप्रबंधक कार्यालय से रेल उमंग सामुदायिक भवन, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रांगण तक "शक्तिवॉक (वॉकथन)" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस.डी. पाटीदार ने हरी झंडी दिखाकर शक्तिवॉक को रवाना किया और भारतीय रेलवे में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी व उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उप मुख्य कार्मिक अधिकारी राहुल श्रीवास्तव एवं उप सचिव (गोपनीय) मुख्यालय शबाना अली खान सहित अन्य महिला वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण और समान अवसरों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर उप मुख्य कार्मिक अधिकारी संजय कुमार, सहायक कार्मिक अधिकारी डी.के. शुक्ला, अभय गुप्ता, सचिपति नंदन, महिला कर्मचारी, आरपीएफ कर्मी, स्काउट एवं गाइड के सदस्य, कल्याण निरीक्षक तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। महिला दिवस के अवसर पर जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडल में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 11 मार्च से

जबलपुर। स्थानीय प्रेम मंदिर की माता महाकाली, बाजपेयी क्वार्टर, राईट टाउन में 11 मार्च से 17 मार्च तक श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा हैं। यहां दोपहर 2 बजे से अन्तर्राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीधाम वृंदावन के आचार्य श्री हित सुरेश कृष्ण महाराज द्वारा कथा व्यास की भूमिका निभाई जाएगी। श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पहले दिन 11 मार्च को कलश यात्रा प्रातः 9 बजे एवं दोपहर 2 बजे से भागवत माहात्म्य, मंगलाचरण, दूसरे दिन 12 मार्च को श्री शुकदेव आगमन, कपिल अवतार, शिवसती चरित्र, तीसरे दिन ध्रुव चरित्र, अजामिलोपाख्यान, प्रहलाद चरित्र, चौथे दिन वामन अवतार, श्री रामावतार कथा, श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं नंदोत्सव, पांचवे दिन श्री कृष्ण बाल लीलाऐं, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग प्रसाद, छटवे दिन रासपंचाध्यायी, उद्धव गोपी संवाद, श्री कृष्ण रुकमणि विवाह महोत्सव, सातवें दिन सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, श्री शुकदेव विदाई एवं कथा विश्राम एवं 17 मार्च को हवन एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

# समाज उत्थान में योगदान देने वाली महिलाओं का किया सम्मान



**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2026 को पूर्व मंत्री कौशल्या गोटियां के संयोजन में आदिवासी समाज द्वारा समाज उत्थान में योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जो घरेलू महिलाओं को रोजगारोन्मुखी एवं व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय के नए स्त्रोत बनाने में सहयोग कर रही हैं। कार्यक्रम में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर महिला जगत से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। ज्ञापन में आदिवासी क्षेत्रों से महिलाओं और बच्चियों के लापता होने की घटनाओं पर ठोस कार्यवाही, फाइनेंस कंपनियों व सूदखोरी पर नियंत्रण, शासकीय योजनाओं में दलाली पर रोक, नकली आदिवासी प्रमाण पत्र की जांच तथा आदिवासी बस्तियों में अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। समारोह में डॉ. अंकिता गोटियां, डॉ. एडलीन अब्राहम, डॉ. रेणु पाण्डे, डॉ. अर्चना सिंह, छाया जैन, पूजा गोटियां, माधवी कोल, जयंती कोल, ऋतु कोल, माया कोल, साधना जैन, कौशल्या ठाकुर, लता कोल, प्रिया कोल, अंजू कोल सहित कई महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कमलेश यादव ने सभी सम्मानित महिलाओं को शॉल और गुलदस्ता भेंट किया। सहयोगी महिलाओं में सारिका गोटियां, नीरजा फरसोइयां, राजकुमारी मिश्र, करुणा मिश्रा, ममता, ज्योति, प्रभा, मोनी गोटियां सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। अंत में महिलाओं ने फूलों की होली खेलकर कार्यक्रम का आनंद लिया।



## खेल रख-रखाव समिति ने मनाया होली मिलन कार्यक्रम

**जबलपुर।** राइट टाउन स्टेडियम परिवार एवं खेल रख-रखाव समिति के अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि समिति का 24वां होली मिलन कार्यक्रम एमएलबी ग्राउंड में मनाया गया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू द्वारा कार्यक्रम की सराहना एवं सहयोग किया गया। मध्य क्षेत्र विधायक अभिलाष पांडे ने होली कार्यक्रम की खुशी, उत्साह, सालीनता एवं बनने वाले विशेष व्यंजन- खीर, ठंडाई के साथ फाग के लोकगीत भी प्रशंसा की एवं संस्कारधानी में शांति, सौहार्द बनाये रखने की अपील की।इस अवसर पर शरदचंद पालन, विनय सक्सेना, वरिष्ठ चिकित्सक हितेश अग्रवाल, डॉ. पवन स्थापक, हृदय रोग विशेषज्ञ पुष्पराज पटेल, राजेन्द्र पचौरी, केके शर्मा, अरविंद खरे, राजेन्द्र पांडे, डॉ. अभिषेक नेमा, डॉ. संजय नेमा, डॉ. सुनील बहल, डॉ. अंकित सेठ, डॉ. संदीप विश्वकर्मा, राजेश पहलवान, शरद समैया, दिलीप राठौर, शरद अग्रवाल, अमरीश मिश्रा, अमर विश्वकर्मा, अभिषेक चौकसे, मोहित दुबे, राहुल नामदेव के अलावा सभी विधाओं के छोटे-बड़े खिलाड़ियों की उपस्थिति रही। राज इवेंट ग्रुप ने लोकगीतों की प्रस्तुति दी।

# प्रस्फुटन समितियों के एकदिवसीय प्रशिक्षण में नवांकुर सखियों को किया गया सम्मानित



**पनागर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जबलपुर की नवांकुर संस्था काशी ग्राम विकास समिति महगवां द्वारा सेक्टर अंतर्गत आने वाली प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों के लिए ग्राम पंचायत भवन महगवां में एकदिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की पूजा-अर्चना एवं प्रेरक गीत के साथ हुई।

प्रशिक्षण सत्र में सनिल यादव ने समितियों की अवधारणा पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं परामर्शदाता नीरज दुबे ने समिति के दस्तावेजीकरण तथा परामर्शदाता मनीष अवस्थी ने परिषद के एप संचालन एवं समिति की भूमिका विषय पर प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्रशिक्षण में शामिल नवांकुर सखियों को शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया गया। समिति सदस्यों ने अपने-अपने गांवों में किए जा रहे नवाचार और सामाजिक गतिविधियों की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर संतोष गडारी, राजेश चक्रवर्ती, आशीष साहू, धीरज यादव, दुर्गेश पटेल, निलेश कोल, दुर्गेश कोल, विनीता साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# संयुक्त रजक समाज सभा ने धूमधाम से मनाई रंग पंचमी




**जबलपुर।** संयुक्त रजक समाज सभा मध्य प्रदेश द्वारा गौरीघाट स्थित रजक समाज धर्मशाला में 8 मार्च 2026 को होली मिलन एवं रंग पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत धर्मशाला में स्थापित संत गाडगे महाराज की प्रतिमा के पूजन-अर्चन, दीप प्रज्वलन और गुलाल अर्पित कर की गई।इस अवसर पर समाज के लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली और रंग पंचमी की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है तथा भारतीय सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक है। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों का सम्मान कर स्वल्पाहार एवं मिष्ठान वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक बब्बल रजक, बृजलाल बाथरे, रामचरण रजक, अध्यक्ष रमेश रजक सहित नीरज रजक, राजेंद्र रजक, ओमप्रकाश रजक, आलोक रजक, अजय रजक, रिंकू रजक, हेमराज श्रीवास, मनीष रजक, राजकुमार रजक, किशोरी रजक, नीशू रजक, संजय रजक, ओंकार रजक, मिंकू रजक, रज्जन रजक तथा बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी और स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

# बरेला व्यापारी संघ ने मनाई रंग पंचमी



**बरेला।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी व्यापारी संघ का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। संघ के संरक्षक अरविन्द तिवारी, सुभाष चौरसिया, गोपाल केसरवानी समन्वयक समिति के राकेश जैन,नरेश पटेल, आशीष जैन बाबी,मोनेश साहू, मुकेश साहू, प्रहलाद चोकसे,अजय गोलू पटेल, एवं अमिताभ नामदेव,मुखिलेश जैन दिनेश सोनी,समर सिंह पटेल,की अगुवाई में व्यापारियों के साथ व्यापारी संघ ने बड़े धूमधाम से रंग पंचमी मनाई । सुबह 9:00बजे भैरो बाबा मंदिर बरेला से बाजे गाजे के साथ नगर में समस्त व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर गुलाल लगाकर भेंट की। ढोल धमाके के साथ निकलने वाले इस कार्यक्रम में नगर के गणमान्य जनो ने भी उत्साह के साथ हिस्सा लिया। व्यापारियों की टोली पूरे नगर में भ्रमण करती हुई सुनिश्चित स्थान मैं पहुंचकर पुनः एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंग पंचमी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अजित जैन,राजेश केसरवानी, अमित जैन, रजनीश जैन, सचिन अग्रवाल, माधव शर्मा अनिल जैन, संजय दुबे, आदेश साहू अखिलेश सोनी, हरीश उपाध्याय, रीतेश श्रीवास, राजेश जैन,आयुष जैन, निक्की जैन, मुनि विश्वकर्मा,प्रिंस जैन, गणेश साहू, राजेश चोकसे, लालू अग्रवाल, सोनू साहू, भूरा नामदेव, सहदेव चोकसे, कैलाश साहू, सुधांशु केसरवानी, वीरू चोकसे, शुभम साहू,रवि अग्रवाल, प्रहलाद पटेल सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।




**श्री नारायण दास गुप्ता-** हाथीताल स्थित मनप्रीत अपार्टमेंट के सामने निवासी श्री नारायण दास गुप्ता (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।
**श्रीमती ज्योति बंशकार-** सिद्धबाबा वार्ड गणेश चौक बंशकार मोहल्ला निवासी श्री सुनील बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति बंशकार (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्री आशीष नारायण श्रीवास्तव-** रतन नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री आशीष नारायण श्रीवास्तव (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्री अशोक सिंधी-** मुकादमगंज तिलक वार्ड निवासी श्री अशोक सिंधी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्रीमती आशा पोहेकर-** जनता कॉलोनी आनंद नगर अधारताल निवासी श्री नारायण राव पोहेकर की धर्मपत्नी श्रीमती आशा पोहेकर (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्री अशोक कुमार दुबे-** कांचघर चौक निवासी जीसीएफ राम मंदिर वाले पुरोहित श्री अशोक कुमार दुबे (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्रीमती मुन्नी बाई प्रजापति-** गुप्तेश्वर निवासी श्री करण प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई प्रजापति (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्री दुलीचंद जाटव-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री दुलीचंद जाटव (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्रीमती सुदेश नरूला-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री दर्शन नरूला की धर्मपत्नी श्रीमती सुदेश नरूला (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।
**श्री राकेश कुमार वर्मा-** शीतलामाई पश्चिमी घमापुर निवासी श्री राकेश कुमार वर्मा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्रीमती लखपति देवी-** तुलसी नगर रांझी निवासी श्री चांद देव की धर्मपत्नी श्रीमती लखपति देवी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**कु. वर्षा सैनी-** रानीपुर माली मोहल्ला मदनमहल निवासी श्री विजय सेनी की पुत्री कु. वर्षा सैनी (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।
**श्री अजय कुमार सैनी-** कोतवाली निवासी श्री अजय कुमार सैनी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्रीमती कामनी देवी यादव-** भरतीपुर यादव बाड़ा निवासी श्री सरवन लाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती कामनी देवी यादव (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्री शंकर कोरी-** इंद्रा बस्ती गौराव तालाब के पास मदनमहल निवासी श्री शंकर कोरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।
**श्रीमती प्रीति-** कांचघर शीतलामाई वार्ड निवासी श्री सरमन की धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्रीमती कृष्णा यादव-** गोहलपुर पुराने थाने के पास निवासी श्री राजाराम यादव की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा यादव (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्री मनोज कुमार खुबानी-** भानतलैया खेरमाई वार्ड निवासी श्री मनोज कुमार खुबानी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्री दिलीप सेन-** शिवनगर गढ़ा निवासी श्री हरी लाल सेन के पुत्र श्री दिलीप सेन (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।
**श्रीमती सुशीला तिवारी-** फकीरचंद का अखाड़ा सिंधी कैंप रोड निवासी श्री राम रघुवर तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला तिवारी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्रीमती कुसुम मेहता-** रतन नगर कॉलोनी निवासी श्री विश्वनाथ मेहता की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम मेहता (97) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**निहारिका-** बड़ी मदार टेकरी निवासी श्री अमित चौधरी की अल्पायु पुत्री निहारिका का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
रंगीन 400/-
रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा

# महिलाओं में दम, नहीं किसी से कम, उनकी शक्ति, उपलब्धियों योगदान की सराहना की, महिला सशक्तीकरण पर दिया जोर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की शक्ति, उपलब्धियों और योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं और अगर उन्हें सही अवसर और समर्थन मिले तो वे हर क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकती हैं। रविवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सिर्फ महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने का दिन नहीं है, बल्कि यह उनके सशक्तिकरण के लिए देश की प्रतिबद्धता को दोहराने का भी अवसर है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने आयोजित किया कार्यक्रम



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में राष्ट्रपति

### समाज को अपनी सोच बदलनी होगी

राष्ट्रपति का कहना था कि अगर महिलाओं को अवसर और सहयोग मिले तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। हालांकि महिलाओं ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन समाज में समान भागीदारी सुनिश्चित करने के रास्ते में अभी भी कई चुनौतियां मौजूद हैं। इन चुनौतियों पर समाज की सोच में बदलाव लाना भी जरूरी है।

### हर क्षेत्र में निभा रही अहम भूमिका

राष्ट्रपति ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सशस्त्र बल, चिकित्सा, विज्ञान, तकनीक, कला, खेल और उद्यमिता जैसे कई क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। स्वसहायता समूहों के जरिए गांवों की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं।

### राष्ट्रपति ने 'शक्ति वॉक' को सराहा

राष्ट्रपति ने 'शक्ति वॉक' कार्यक्रम की भी सराहना की। प्रतिभागियों ने इंडिया गेट से विजय चौक तक पैदल मार्च किया। उन्होंने देशभर से आई महिलाओं के समर्पण और उत्साह की भी प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने संविधान निर्माता बीआर आंबेडकर के प्रसिद्ध कथन को याद किया।

### भारत ने स्कूली शिक्षा में लैंगिक समानता हासिल की

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत महिला नेतृत्व वाले विकास की ओर तेजी से अग्रसर है। एक दशक में मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए मजबूत आधार तैयार किया गया है। भारत ने स्कूली शिक्षा में लैंगिक समानता हासिल कर ली है।

### महिलाएं रोजगार सृजनकर्ता के रूप में उभर रहीं

राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाएं रोजगार सृजनकर्ता के रूप में उभर रही हैं। स्टार्ट-अप इंडिया योजना में सहायता प्राप्त करने वाले आधे स्टार्ट-अप में एक महिला निदेशक हैं। 2 लाख महिला स्वामित्व वाले लघु एवं मध्यम उद्यम सरकारी ई-मार्केटप्लेस पर सक्रिय हैं।

### उनके सपनों को साकार करने का प्रयास करें

राष्ट्रपति ने कहा कि सही मायने में विकास हासिल करने के लिए हमें महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। देश की तीव्र प्रगतिके लिए नागरिकों की पूर्ण क्षमता को साकार करने के लिए आवश्यक है कि हम उनके सपनों को साकार करें।

## खबर संक्षेप

### कमजोर पड़ रही भारत की वैश्विक मौजूदगी



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने रविवार को पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध को लेकर केंद्र सरकार पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा इस संकट के बीच भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौजूदगी और भूमिका खत्म होती दिखाई दे रही है। राउत ने यह बात शिवसेना के मुखपत्र सामना के साप्ताहिक कॉलम 'रोकठोक' में लिखी।

### उत्तम नगर हत्याकांड आरोपी के घर गिराया



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तम नगर में होली के दिन तरुण की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने काफी तूल पकड़ लिया था और मामले ने सांप्रदायिक रंग भी ले लिया था। इसके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सि बीच रविवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने एक आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाया है।

### 28 करोड़ जनधन खाते महिलाओं के पास



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि वित्तीय सेवाओं तक पहुंच ने महिलाओं को असली आजादी तक पहुंचने में मदद की है। 'एक्स' पर लिख जनधन खाता और लखपति दीदी जैसी सरकारी योजनाएं महिलाओं को वित्तीय रूप से मजबूत कर रही हैं। देश में अब तक 57.71 करोड़ जनधन खाते खोले जा चुके हैं।

### भागलपुर में 5 बच्चे डूबे 2 ने तैरकर बचाई जान



**भागलपुर।** बिहपुर प्रखंड के हरियो पंचायत अंतर्गत हरियो कोसी त्रिमुहान घाट के पास नदी स्नान करने के दौरान 5 बच्चे डूब गए। 2 बच्चे जैसे-तैसे पानी से निकलने में सफल रहे। वहीं 3बच्चों को नदी में स्थानीय गोताखोरों द्वारा तलाश जारी है। जिन बच्चों की पानी में तलाश की जा रही है, उसमें लक्ष्मण कुमार और नयन कुमार युवराज शामिल हैं।

### शाह का निजी सचिव बताकर की ठगी, अरेस्ट



**मुंबई।** यहां की पुलिस की क्राइम ब्रांच ने खुद को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का निजी सचिव बताकर लोगों को ठगने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 41 वर्षीय मोहम्मद तारिक पठान के रूप में हुई है, जो रत्नागिरी जिले के खेड़ का निवासी है। पुलिस ने उसे नवी मुंबई के वाशी स्थित एपीएमसी मार्केट के पास एक होटल से गिरफ्तार किया।

## प्रधानमंत्री ने 33,500 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण किया

सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश को सभी देख रहे

# दिल्ली का विकास एक शहर का विकास नहीं, यह देशभर की छवि को दिखा रहा



उन्होंने कहा दिल्ली सिर्फ भारत की राजधानी नहीं है, यह भारत की पहचान और ऊर्जा का प्रतीक है। दिल्ली का विकास सिर्फ एक शहर का विकास नहीं होता, यह पूरे देश की छवि से जुड़ा होता है।

### मेट्रो फेस-4 के शुरू होने से दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क 375 किमी से बढ़ेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 33,500 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिल्ली सिर्फ भारत की राजधानी नहीं है, यह भारत की पहचान और ऊर्जा का प्रतीक है। दिल्ली का विकास सिर्फ एक शहर का विकास नहीं होता, यह पूरे देश की छवि से जुड़ा होता है। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति जब भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के बारे में सोचता है तो अक्सर उसके मन में दिल्ली की तस्वीर आती है।

हम सब दिल्ली में विकास को नई गति देने के लिए यहां इकट्ठे हुए हैं। यहां मेट्रो के विस्तार से लेकर हजारों सरकारी कर्मचारियों के आवासों तक, देश की राजधानी में सुविधाओं का लगातार मजबूत विस्तार हो रहा है, एक नई मजबूती दी जा रही है। आप लोगों ने एक साल पहले जिस नई उम्मीद और संकल्प के साथ दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाई थी, उसका परिणाम आज यहां दिख रहा है। मैं दिल्ली के सभी नागरिकों को विकास की इस अविरत धारा के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ रहीं सुविधाएं

मेट्रो के विस्तार से हजारों लोगों को होगा फायदा


दिल्ली में मेट्रो प्रोजेक्ट का लोकार्पण करते पीएम मोदी

### दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच यात्रा आसान होगी

उन्होंने कहा कि दिल्ली कुछ दिन पहले नमो भारत जैसी तेज ट्रेन के जरिए मेरठ से जुड़ी है। इससे दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बीच यात्रा आसान हो गई है। आज मेट्रो फेस-4 के शुरू होने के साथ दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क 375 किलोमीटर से भी आगे पहुंच गया है। दुनिया के बड़े-बड़े शहरों में भी मेट्रो का इतना बड़ा नेटवर्क नहीं है।

### मेट्रो के 2 नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया

पीएम मोदी ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया गया। इनमें लगभग 12.3 किमी का मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर (पिंक लाइन) कॉरिडोर और लगभग 9.9 किमी का दीपाली चौक-मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन) कॉरिडोर शामिल है। नई कनेक्टिविटी से बुराड़ी, जगतपुर-वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार, मधुबन चौक, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा, मजलिस पार्क समेत दिल्ली के कई इलाकों को फायदा होगा।

### 3 नए कॉरिडोर की आधारशिला रखी

प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के चरण 4 के अंतर्गत लगभग 16.10 किलोमीटर लंबे तीन नए कॉरिडोर की आधारशिला रखी। ये 3नए कॉरिडोर हैं, आरके आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ, एयरोसिटी से इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 और तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज। ये कॉरिडोर राष्ट्रीय राजधानी के कई अहम स्थानों को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेंगे।

### दिल्ली के कई इलाकों को फायदा

प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली मेट्रो के 2 नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इनमें मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर (पिंक लाइन) कॉरिडोर और दीपाली चौक-मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन) कॉरिडोर शामिल हैं। नई कनेक्टिविटी से दिल्ली के कई इलाकों को फायदा होगा, जिनमें बुराड़ी, जगतपुर-वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार, मधुबन चौक, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा और मजलिस पार्क आदि शामिल हैं।

## सरोजिनी नगर में महिलाओं को दी जीपीआरए फ्लैट्स की चाबियां

पीएम मोदी ने रविवार को सरोजनी नगर में जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन (जीपीआरए) कॉलोनियों का दौरा किया और महिला लाभार्थियों को टाइप-5 के नए घरों की चाबियां सौंपी। इस अवसर पर पीएम मोदी ने श्रमजीवी महिलाओं के साथ संवाद भी किया। सरोजिनी नगर, नेताजी नगर, कस्तूरबा नगर और श्रीनिवासपुरी जैसे प्रमुख स्थानों पर जीपीआरए पुनर्विकास परियोजनाएं, कॉलोनियों के आधुनिकीकरण और सरकारी कर्मचारियों तथा प्रशासनिक कार्यालयों के लिए विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का हिस्सा हैं। पुनर्विकास योजना के तहत सरकारी कर्मचारियों के लिए 9,350 से अधिक आधुनिक फ्लैट उपलब्ध कराए जाएंगे, साथ ही लगभग 48 लाख वर्ग फुट कार्यालय स्थान का निर्माण किया जाएगा, जिससे प्रशासनिक दक्षता में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी।

### नवोन्मेषी आत्मनिर्भर वित्तीय मॉडल से किया गया विकास

जीपीआरए प्लान के तहत 15,200 करोड़ की इन परियोजनाओं का पुनर्विकास एक नवोन्मेषी आत्मनिर्भर वित्तीय मॉडल के माध्यम से किया गया है, जो यह सुनिश्चित करता है कि पुनर्विकास सरकारी खजाने पर बोझ डाले बिना किया जाए। इस मॉडल के तहत सरकार परियोजना क्षेत्र के एक सीमित हिस्से को वाणिज्यिक और आवासीय स्थान के लिए विकसित और मुद्रीकृत कर रही है, ताकि पूरी परियोजना का वित्तपोषण किया जा सके। इससे प्राप्त राजस्व का इस्तेमाल आधुनिक सरकारी आवास, संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर और सार्वजनिक सुविधाओं के पुनर्विकास के लिए किया जा रहा है।

आम आदमी पार्टी पर बोला हमला

### आप-दा सरकार ने विकास का हर काम ठप किया



पीएम मोदी ने कहा कि करीब 10 वर्षों तक आप -दा सरकार ने यहां विकास का हर काम ठप रखा था। अब दिल्ली से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों के समाधान के लिए हमारी सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। पेरिफेरल एक्सप्रेसवे बनने से अब लाखों गाड़ियों को शहर में आने की ज़रूरत नहीं पड़ती। हमारी सरकार यमुना जी की साफ-सफाई के लिए भी बड़े पैमाने पर काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम इस बात का भी प्रमाण है कि एक वर्ष पहले दिल्ली ने जिस आपदा से मुक्ति पाई, वो कितनी जरूरी थी। यहां आपदा सरकार न होती तो ये मेट्रो फेज 4 प्रोजेक्ट बहुत पहले ही पूरा हो चुका होता।

सीएम नीतीश के पुत्र निशांत की सियासी पारी शुरू

## निशांत जदयू में शामिल, राज्य की करूंगा सेवा, पिताजी के विश्वास को कायम रखें

### जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय ने दिलाई पार्टी की सदस्यता

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार जनता दल यूनाईटेड में शामिल हो गए हैं। वीर चंद्र पटेल रोड स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय में हजारों कार्यकर्ताओं के बीच कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने निशांत को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार वहां मौजूद नहीं थे। निशांत ने कहा कि मैं जदयू के कार्यकर्ता, नेता और बिहार की जनता को नमन करता हूं। मैं एक कार्यकर्ता के रूप में मैं सेवा करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि बिहार और देश की जनता से अपील करता हूं कि पिताजी पर विश्वास बनाए रखें। निशांत ने वरिष्ठ नेताओं के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया।

### 'निशांत के साथ, विकास का नया शंखनाद'



जेडीयू के कई कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी मुख्यालय और राज्य की राजधानी के अन्य प्रमुख क्षेत्रों के पास बैनरों और पोस्टरों में भी यही बात दोहराई गई। एक पोस्टर में था विकसित बिहार के नए अध्याय की शुरुआत। एक में निशांत के साथ, विकास का नया शंखनाद।

### पिताजी के कार्य को आगे बढ़ाऊंगा

निशांत ने कहा कि मेरे पिता ने बिहार की जनता के लिए जो काम किया है, उसे मैं आगे बढ़ाने का काम करूंगा। आप सब ने जो विश्वास किया, खड़ा उतरने की कोशिश करूंगा।

### कल से यात्रा पर निकलेंगे सीएम नीतीश

नीतीश की प्रस्तावित 'समृद्धि यात्रा' को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। वे 10 मार्च से कई जिलों के दौरे पर निकलेंगे और विकास योजनाओं की समीक्षा के साथ स्थानीय कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे। 11 को वे अररिया और किशनगंज में ,12 को पूर्णिया और कटिहार तो 13 मार्च को वे सहरसा और खगड़िया में शामिल होंगे। अंतिम चरण में 14 मार्च को बेगूसराय और शेखपुरा जाएंगे।

## महिला दिवसः 'साड़ी वॉकथॉन 2026'


**ठाणे।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र के ठाणे में रविवार को 'साड़ी वॉकथॉन 2026' में महिलाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने सशक्तिकरण और हथकरघा परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक साड़ियों में वॉक किया।

### राष्ट्रपति के साथ टीएमसी के टकराव पर भाजपा का हमला

# सिर्फ घुसपैठियों का स्वागत, अब संविधान खतरे में नहीं...

### बंगाल में राष्ट्रपति के साथ किया गया बर्ताव बेहद शर्मनाक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी पर तीखा हमला बोला है। मुख्यमंत्री के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर दिए हालिया बयान पर उन्होंने निशाना साधा। रविशंकर ने कहा कि ममता बेनर्जी के शासन में बंगाल में घुसपैठियों का स्वागत किया जा रहा है। ममता संविधान के खतरे में होने की बात कर रही हैं, जबकि वे खुद राष्ट्रपति का सम्मान नहीं कर पाईं। राष्ट्रपति के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वह बेहद शर्मनाक है। भारत के इतिहास में किसी भी राष्ट्रपति के साथ ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। भाजपा नेता ने कहा कि राष्ट्रपति के अपमान की पार्टी कड़ी निंदा करती है।

### ममता माफिया, जिहादियों और घुसपैठियों की कायदेआजम



**कोलकाता।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने उत्तर 24 परगना जिला के नैहाटी विधानसभा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ममता बेनर्जी बंगाल में राष्ट्रपति और राज्यपाल का विरोध करती हैं, तो घुसपैठियों व माफिया का स्वागत करती हैं। ममता राज्य की मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि माफिया, जिहादियों और घुसपैठियों की कायदेआजम हैं। बंगाल से टीएमसी को जाना चाहिए।

### शहजाद और भंडारी ने ममता की आलोचना की, सरमा ने भी कोसा



भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला और प्रदीप भंडारी ने भी टीएमसी के रवैये को शर्मनाक बताते हुए इसकी कड़ी आलोचना की। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी ममता को कोसा।

### घटनाक्रम दुर्भाग्यपूर्ण, ममता ने प्रोटोकाल तोड़ा



बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस घटनाक्रम को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने ममता को सीख देते हुए कहा कि राष्ट्रपति एक महिला होने के साथ ही आदिवासी समाज से भी आती हैं। ममता ने प्रोटोकाल का पालन नहीं किया।

पंजाब में बजट पेश

## महिलाओं को हर माह 1000 एससी को 1500 रुपए देंगे

एजेंसी ⏭ चंडीगढ़



पंजाब सरकार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश की महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। मान सरकार ने बजट पेश किया। वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने मावां-धीयां सत्कार योजना का ऐलान किया। 97 फीसदी महिलाओं को हर महीने हर महीने 1000 की राशि मिलेगी। एससी की महिलाओं को 500 रुपए अधिक देने का ऐलान किया है।

### पात्रता की शर्तें भी लगाईं

मावां-धीयां सत्कार योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु की प्रत्येक महिला योजना के पंजीकरण के लिए पात्र होंगी। मौजूदा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं, जैसे वृद्धावस्था पेंशन या विधवा/निराश्रित महिला पेंशन या विकलांगता पेंशन योजना के तहत पंजीकृत महिलाएं भी इस योजना के तहत पात्र होंगी। मौजूदा या पूर्व स्थायी सरकारी कर्मचारी, मौजूदा और पूर्व सांसद/विधायक और आयकर दाता अपात्र होंगे।

# समरस संस्कार के रंग में रंगी संस्कारधानी

## विविध रंगों के बीच फूलों, रंग-गुलाल की छठा बिखरी






**जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन ने रविवार को इतिहास रचते हुए संस्कारधानी में एक अद्भुत होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन में संत-ग्रहस्थ, अमीर-गरीब, महिला-पुरुष, छोटे-बड़े सभी वर्गों के लोग एक साथ दिखाई दिए। यह आयोजन शहर की समाजिक सद्भावना को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था, और इसमें अपार जनसमूह उमड़ा।शोभायात्रा का प्रारंभ छोटा फुहारा स्थित कलेही माता मंदिर से हुआ, जहां प्रभु श्रीराम और माता सीता का पूजन हुआ। इसके बाद दंडी स्वामी कालिकानंद, जगतगुरु स्वामी बालगोविंदाचार्य, महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद महाराज, स्वामी चैतन्यानंद जैसे संतों ने शोभायात्रा की अगुवाई की। शोभायात्रा में रंग-गुलाल की फुहारों से पूरा माहौल रंगमय हो गया था।शोभायात्रा छोटा फुहारा से शुरू होकर मिलौनीगंज, तमरहाई, कोतवाली, सराफा, कमानिया, फुहारा, लार्डगंज, सुपर बाजार होते हुए डीएन जैन कॉलेज पहुंची। शोभायात्रा में ढाई दर्जन झांकियों ने शहरवासियों का दिल छू लिया, जिनमें राम-जानकी, हनुमान और पर्यावरण संरक्षण जैसी झांकियां प्रमुख थीं।

### सामाजिक समरसता और स्वच्छता

शोभायात्रा में सामाजिक समरसता को दर्शाने के लिए समरंग यात्रा में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के संदेश भी झांकियों के माध्यम से दिए गए। इस कार्यक्रम में आयोजन स्थल पर सफाई का ध्यान भी रखा गया था, जिससे यह आयोजन और भी खास बन गया।

### डीएन जैन कॉलेज में समापन

शोभायात्रा का समापन डीएन जैन कॉलेज में हुआ, जहां फूलों और गुलाल के साथ रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। यहां पर पारंपरिक व्यंजनों जैसे दाल बाटी, बैढ़नी पूड़ी, कांजी बड़ा आदि का स्वाद लिया गया।

### विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति

इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, लेखराज सिंह मुन्ना, महाकौशल चेम्बर के अध्यक्ष रवि गुप्ता, डॉ जितेन्द्र जामदार, महापौर जगत बहादुर अन्नू, विधायक अभिलाष पांडे, पूर्व मंत्री शरद जैन, डॉ अखिलेश गुमास्ता, पूर्व महापौर प्रभात साहू, धीरज पटेरिया, अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, आशुतोष दीक्षित, अखिल मिश्रा, पंकज दुबे, रजनीश यादव, अभय सिंह ठाकुर, अमरीश मिश्रा, पंकज पांडे, श्रीकांत साहू, रवी शर्मा, रविन्द्र पचौरी, विक्रम परवार सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी शामिल रहीं।



# बडेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट एवं अपोलो हॉस्पिटल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**जबलपुर।** स्वस्थ महिला, सशक्त महिला विषय पर बडेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट एवं अपोलो हॉस्पिटल, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सुरक्षा एवं सफाई महिला कर्मियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. के. सिवा स्त्री (कैंसर विशेषज्ञ) तथा डॉ. मनीषा उड्डे (स्त्री रोग विशेषज्ञ) को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. के. सिवा स्त्री ने महिला कर्मचारियों को स्तन कैंसर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान करते हुए इसके लक्षण, समय पर जाँच और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. मनीषा उड्डे ने अपने संबोधन में महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी। बडेरिया ग्लोबल इंजीनियरिंग महाविद्यालय की डिप्टी डायरेक्टर डॉ. निहारिका यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि परिवार की महिला स्वस्थ और सशक्त रहेगी तभी वह अपने परिवार, कार्यस्थल और समाज की जिम्मेदारियों को और भी बेहतर ढंग से निभा पाएँगी। कार्यक्रम के दौरान महिला कर्मियों को अपोलो हॉस्पिटल, जबलपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल कार्ड उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। संस्था के चेयरमैन डॉ. सौरभ बडेरिया ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसके सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. वंदना पाठक, डॉ. शिल्पा अग्रवाल एवं प्रियंका सिंह का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

# "राग मंत्र" शास्त्रीय संगीत सभा आयोजित




**जबलपुर।** आर्ट हब, हैदराबाद एवं आई.टी.सी. कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय शहीद स्मारक सभा गृह में "राग मंत्र" शास्त्रीय संगीत सभा का आयोजन हुआ। इस गरिमामय संगीत संध्या में पुणे से पधारे शास्त्रीय गायक पद्मश्री पंडित उल्हास कशालकर का गायन एवं आई.टी.सी. कोलकाता से पधारे शौनक रॉय का सरोद वादन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती के सम्मुख पद्मश्री पंडित सुरेश तलवलकर एवं पद्मश्री पंडित उल्हास कशालकर के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में शौनक रॉय, कोलकाता ने सरोद वादन प्रस्तुत किया, उन्होंने अपना वादन राग छायानट से किया, इसमें तीनताल में दो बंदिशें प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में आपने शुद्ध वसंत राग में दो गते प्रस्तुत की। इनके साथ तबले पर कोलकाता से पधारे जयंत सरकार ने बहुत ही मधुर, प्रशंसनीय एवं सधी हुई संगत की। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति में पुणे से पधारे सुप्रसिद्ध गायक पद्मश्री पंडित उल्हास कशालकर का शास्त्रीय गायन प्रस्तुत हुआ। ग्वालियर, आगरा एवं जयपुर घराने के गायकी का अद्भुत समन्वय उनकी गायकी में परिलक्षित होता है। उन्होंने अपने गायन का प्रारंभ राग नंद से किया, विलंबित ख्याल ताल तीनताल में एवं छोटा ख्याल प्रस्तुत किया। इनके साथ तबले पर संगत पुणे से पधारे पद्मश्री पंडित तालयोगी सुरेश तलवलकर ने की। इस अनोखी जोड़ी का प्रस्तुतिकरण जबलपुर के रसिक जनों के लिये अविस्मरणीय रहेगी। श्रोताओं ने इस कार्यक्रम का भरपूर रसानंद लिया।

कार्यक्रम के अंत में संयोजक प्रोफेसर अखिलेश सप्रे द्वारा सभी के प्रति आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. एम. श्रीनिवास राव, माधुरी कानेटकर, प्रकाश शिंदे, प्रशांत पाठक, आलोक सप्रे, संजय सोनी का विशेष सहयोग रहा।

### सर्व समाज होली मिलन कार्यक्रम आज

**जबलपुर।** कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ, संपूर्ण ब्राह्मण मंच द्वारा संयुक्त रूप से 09 मार्च को शाम 4.30 बजे रंग उत्सव जुलूस, होली मिलन कार्यक्रम प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी गढ़ा मेन रोड ब्रिज बाइक सेंटर कमला नेहरू नगर कार्यालय से प्रारंभ होगा जो सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों से होते हुए रेलवे क्रॉसिंग, लेबर चौक, यादव कॉलोनी, दया नगर चौक, गुप्ता स्वीट पहुंचकर संपन्न होगा। व्यापारियों से उपस्थिति की अपील अध्यक्ष धनंजय वाजपेई, अखिलेश मेहता, विजय गुप्ता, सुरेश सोनी, राकेश चक्रवर्ती, डॉक्टर अरुण मिश्रा, यदुवंश मिश्रा, रावेंद्र तिवारी, सुधाकर मिश्रा, निशांत शर्मा, महेश मिश्र, सीताराम कुरचानिया, आनंद मोहन शर्मा, विजय साहू, अंकित गुप्ता, रितेश पांडे, रवि ताम्रकार, विकास सेन, राहुल सेन, आनंद गुप्ता, विकास नरवरिया, सुरेंद्र असाटी, संतोष गुप्ता, विवेक कोहली, कपिल कोहली, सुश्री कामिनी जायसवाल, दौलत श्रेष्ठ ने की है।

# स्वर्ण पदक विजेता शौर्य विरहा का अधिवक्ता मिलन समारोह में किया गया सम्मान



**जबलपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजित तीसरी ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतने वाले होनहार खिलाड़ी शौर्य विरहा को जबलपुर में आयोजित अधिवक्ता मिलन समारोह में मंचासीन महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नू), पूर्व न्यायाधीश मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय श्रीमती अंजली पालो, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट ज्योति रॉय ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ जबलपुर द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर गौरवपूर्ण सम्मान दिया गया।

प्रतियोगिता में शौर्य विरहा ने 14 वर्ष आयु वर्ग एवं -40 किलोग्राम वजन वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने परिवार, शहर और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया। उनकी इस उपलब्धि पर अधिवक्ता समाज में हर्ष का वातावरण देखा गया।

शौर्य विरहा, अधिवक्ता बलराज विरहा एवं शालिनी विरहा के सुपुत्र हैं। वे एडवोकेट जयराज चौधरी के मार्गदर्शन में नियमित रूप से ताइक्वांडो का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनके अनुशासन, परिश्रम और कोच के मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि हासिल की।

अधिवक्ता मिलन समारोह का आयोजन जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर की उपाध्यक्ष एडवोकेट ज्योति रॉय के नेतृत्व में किया गया, जिसमें अधिवक्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सभी ने शौर्य विरहा को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

वक्ताओं ने कहा कि खेलों में युवाओं की भागीदारी से आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। शौर्य विरहा की यह सफलता अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# महज़ 8 वर्ष की ज़ामिया ने रखा अपना पहला रोज़ा

**जबलपुर।** रमज़ान शरीफ़ के पाक महीने में जहां बड़े लोग इबादत में मशगूल हैं, वहीं छोटे बच्चे भी रोज़ा रखकर अल्लाह की इबादत की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। इसी क्रम में मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश के मीडिया प्रभारी अरशद क़ादरी की साहिबज़ादी ज़ामिया क़ादरी ने महज़ 8 वर्ष की उम्र में अपना पहला रोज़ा रखा।ज़ामिया क़ादरी के पहले रोज़े को लेकर परिवार और रिश्तेदारों में खुशी का माहौल देखा गया। सुबह सहरी के समय से ही उन्होंने बड़े उत्साह के साथ रोज़ा रखा और दिनभर सब्र के साथ इबादत में लगी रहीं। शाम को अज़ान के साथ उन्होंने अपना रोज़ा इफ्तार किया।परिवार के लोगों ने बताया कि छोटी उम्र में रोज़ा रखना बच्चों के अंदर सब्र, अनुशासन और इबादत की भावना को मजबूत करता है। ज़ामिया क़ादरी के पहले रोज़े पर परिजनों और परिचितों ने उन्हें दुआएं और मुबारकबाद दी।



# घनघोरिया परिवार ने 18वें रोजा पर कराया अफ्तार

**जबलपुर।** घनघोरिया परिवार द्वारा 18वां रोजा अफ्तार मैदान मस्जिद छुट्टू मियाँ की तलैया, खटीक मोहल्ला, जवाहरगंज वार्ड में हज़रत मौलाना डॉ. मुशाहिद रज़ा सिद्दकी मुफ्ती-ए-आजम एवं मौलाना कौशर रब्बानी साहब के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि मेरे परिवार के द्वारा 36 वर्षों से लगातार इसका आयोजन किया जा रहा है। देश, प्रदेश, शहर में अमन, शांति एवं सद्भावना के लिए दुआ मांगी गई। इस रोजा अफ्तार में सभी जाति, धर्म के लोगों ने हिस्सा लिया।रोजा अफ्तार में दिनेश यादव, नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा, (म.प्र.अ.यु.का) यश घनघोरिया, कदीर सोनी, भूरे चच्चा, मतीन अंसारी, आजम अली खान, जय घनघोरिया, (पार्षद) अमरीश मिश्रा, गुलाम हुसैन, याकूब अंसारी, कलीम खान, राकेश पाण्डे, प्रमोद पटैल, गुड्डू नवी, अयोध्या तिवारी, अभिषेक चंदेल, राजेश यादव, वकील अंसारी, जतिन राज, इश्तियाक अंसारी, डॉ. रमाकांत रावत, ताहिर अली, राजू लईक, हामिद मंसूरी, रमेश बड़कुल, दीना जैन, अनुराग गढ़ावाल, बंटी यादव, फिरोज ठाकरे, राशिद खान, पप्पू भाई, रिजवान भाई, मुन्नू पण्डा, अस्सू खान, अंजुमन छुट्टू मियां की तलैया सहित हजारों की तादात में शामिल हुए।



# महिला दिवस पर कैंसर और थैलेसीमिया जागरूकता कार रैली निकली



**जबलपुर।** समाज में कैंसर और थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जीतो लेडीज़ विंग, जबलपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष अवेयरनेस कार रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से शहरवासियों को इन बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए समय रहते जांच और उपचार के लिए प्रेरित किया गया।

रैली का शुभारंभ महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं यामिनी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में 150 से ज्यादा कारों ने भाग लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शहर में विभिन्न स्थानों से गुजरकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। रैली के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में मेडिकल विशेषज्ञों द्वारा ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर विषय पर व्याख्यान दिया गया। डॉ. श्रद्धा पाठक, डॉ. राखी बाजपेई, डॉ. निधि जैन एवं डॉ. रीति सेठ ने महिलाओं को इन बीमारियों के शुरुआती लक्षण, समय पर जांच की आवश्यकता, बचाव के उपाय और उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

जीतो लेडीज़ विंग की अध्यक्षा विनीता बड़कुल और सचिव नीलिमा जैन ने बताया कि इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना तथा कैंसर और थैलेसीमिया जैसी बीमारियों की समय रहते पहचान और बचाव के लिए प्रेरित करना है। इस आयोजन में जीतो जबलपुर चैप्टर, यूथ विंग और सक्षम संगठन का भी सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया।

# चतुर्थ फोर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 आयोजित



**जबलपुर।** रेल सुरक्षा बल पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर द्वारा रेलवे ग्राउंड में चतुर्थ फोर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता रेल सुरक्षा बल पश्चिम मध्य रेलवे के मुखिया महानिरीक्षक राजीव यादव के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में विभिन्न सुरक्षा बलों की कुल 10 टीमें भाग ले रही हैं। इस वर्ष प्रतियोगिता के सभी मैचों का पहली बार यूट्यूब चैनल के माध्यम से लाइव प्रसारण भी किया जा रहा है, जिससे खेल प्रेमी एवं खिलाड़ियों के परिजन घर और कार्यस्थल से भी मैचों का आनंद ले पा रहे हैं। फोर्सेज के बीच आपसी तालमेल, सहयोग एवं खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतियोगिता के मुकाबले प्रथम चरण में लीग तथा उसके पश्चात नॉकआउट आधार पर खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत आज कुल तीन मुकाबले खेले गए।

**पहला मैच-** MPSF बनाम 54 ASC Army के मध्य खेला गया। इस मैच में 54 ASC Army ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए MPSF की टीम ने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाकर 54 ASC के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी 54 ASC की टीम सभी विकेट खोकर मात्र 120 रन ही बना सकी। इस प्रकार MPSF ने यह मुकाबला 52 रन से जीत लिया। MPSF के निर्भय ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 31 गेंदों में 71 रन बनाए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

**दूसरा मैच-** GRC Army बनाम ITBP के मध्य खेला गया। ITBP ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की, किंतु GRC की सटीक गेंदबाजी के सामने ITBP की पूरी टीम मात्र 43 रन पर ऑल आउट हो गई। जवाब में GRC Army ने यह लक्ष्य मात्र 3.5 ओवर में हासिल कर मुकाबला आसानी से अपने नाम कर लिया। GRC के मोहन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट प्राप्त किए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**तीसरा मैच-** MPSF बनाम GRP के मध्य खेला गया, जिसमें GRP ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी MPSF की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 10 ओवर में ही 133 रन बनाकर यह मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया। MPSF के अमित ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 17 गेंदों में 69 रन बनाए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

विदित है कि इस वर्ष प्रतियोगिता में Railway Protection Force, Army Grenadiers, Jammu & Kashmir Rifles, GRP, MP Police, MPSAF Jabalpur, MPSAF Ranjhi, 54 ASC Army, ITBP तथा CISF की टीमें भाग ले रही हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में तीनों मैच के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल प्लेयर संगीता मिश्रा और अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्लेयर रंजीत बग रहीं। उपरोक्त मैच के निर्णायक असलम अली, त्रिलोक नायडू एवं प्रफुल्ल रैकवार, हसन अली रहे।

### आर्य समाज का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, रंगपंचमी समारोह संपन्न

**जबलपुर।** आर्य समाज नेपियर टाउन में 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली पर रंगपंचमी कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें भवन एवं प्रवचनों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा ओम की ध्वनि के साथ वैदिक मंत्रों से यज्ञ में विशेष जड़ी-बूटियों से आहुति दी गई। तत्पश्चात अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में फूलों की होली खेलकर एक-दूसरे को गुलाल लगाया गया। कार्यक्रम में नरेन्द्र धमीजा, सोमेन्द्र माहेश्वरी, डॉ. कु. अरुण सिंह, उमेश सिंह, देवेन्द्र माहेश्वरी, पीयूष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# पं. दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान के तहत विषय वक्ता कार्यशाला आज

**जबलपुर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत संभाग स्तरीय विषय वक्ता कार्यशाला सोमवार 09 मार्च को संभागीय भाजपा कार्यालय रानीताल में पूर्वान्ह 11 बजे से आयोजित की गई है। कार्यशाला को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, गुजरात प्रदेश के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री रत्नाकर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह के साथ प्रदेश सरकार के मंत्री एवं वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। कार्यशाला में जबलपुर, रीवा, शहडोल एवं छिंदवाड़ा संभाग के कुल 19 जिलों के 400 से अधिक विषय वक्तागण शामिल होंगे। विषय वक्ता कार्यशाला में पूर्वान्ह 11 बजे पंजीयन होगा, दोपहर 12:30 बजे उद्घाटन सत्र होगा, उद्घाटन सत्र में सभी वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त होगा, इसके पश्चात विभिन्न सत्रों में विषय से संबंधित वक्ता कार्यशाला को सम्बोधित करेंगे।विषय वक्ता कार्यशालाओं में प्रदेश पदाधिकारी, प्रशिक्षण महाअभियान की प्रदेश टोली, संभाग प्रभारी, प्रशिक्षक विषय वक्ता, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संयोजक सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, संभाग प्रशिक्षण प्रभारी, जिला प्रशिक्षण टोली के चार सदस्य सहित जिला विषय वक्तागण शामिल रहेंगे।

**CHANGE OF DATE OF BIRTH**

I, ASHOK KUMAR DASH Father of JC 735090X Rank NB SUB TRADE SKT GS 8C NAME JYOTI RANJAN DASH Presently Residing at- MCMM JABALPUR M.P., I have changed of my date of birth 15/08/1955 (date of birth as per my son army service records) to 23/07/1958 (date of birth as per my AADHAR CARD) vide Affidavit dated in 07/03/2026 format) before SUBHASHISH CHATTERJEE Public notary, JABALPUR M.P.

**CORRECT DATE OF BIRTH 23/07/1958**
**INCORRECT DATE OF BIRTH 15/08/1955**

**नाम सुधार सूचना**

मैं पूजा भाटिया पति श्री गौरव भाटिया उम्र 40 वर्ष यह घोषणा करती हूं कि मेरे विवाह के पूर्व मेरा नाम पूजा रानी डडवाल था। जो कि मेरे अंकसूची में भी दर्ज है विवाह उपरांत मेरा नाम बदलकर पूजा भाटिया हो गया है जो कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज है यह की पूजा रानी डडवाल एवं पूजा भाटिया यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही है अतः मुझे मेरे सही नाम पूजा भाटिया के नाम से जाना पहचाना एवं दर्ज किया जाए।

**नया नाम - पूजा भाटिया**
**पुराना नाम - पूजा रानी डडवाल**
पता - म. न. 1100/1, भाटिया रेसीडेंसी, कृष्णा कॉलोनी, सुहागी अधारताल ,जबलपुर।